तैयारी | पिछले वर्ष 1.35 लाख करोड़ और इस वर्ष 1.75 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पिछला रिकॉर्ड टूटेगा

- लखनऊ में 16 से अधिक हॉस्पिटल और कॉलेज का प्रस्ताव
- 281 के पार निकल चुकी है अब तक नए उद्योगों की संख्या

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। अबकी बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पिछला रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है। इस वर्ष 1.75 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरती पर उतारने की तैयारी है। इनमें से जाते हुए साल के अंतिम माह तक 30 हजार 687 करोड़ रुपये के उद्यम जमीन पर उतर रहे हैं। जो उद्योग लग चुके हैं या लगने जा रहे हैं उनकी संख्या 281 के पार निकल चुकी है।

मौजूदा समय 50 से अधिक बड़े उद्योगों केलिए जमीन के चयन की प्रक्रिया चल रही है। उपायुक्त उद्योग एमके चौरसिया के अनुसार इनवेस्टर्स समिट में पौने दो लाख करोड़ के प्रस्ताव आए थे। सबसे अधिक 50 फीसदी प्रस्ताव रियल एस्टेट से संबंधित हैं। इनके अलावा शेष 50 फीसदी में 30 से अधिक एमएसएमई निवेशक शामिल हैं। 20 फीसदी में कृषि, उद्यान, डेयरी, मत्स्य, खाद्य प्रसंस्करण और वेयर हाउसिंग हैं। मेडिकल के क्षेत्र में भी अच्छे निवेश आए हैं। इनमें अस्पतालों से लेकर मेडिकल उपकरणों के निर्माता शामिल हैं। इन उद्योगों में 16 से अधिक हॉस्पिटल, नर्सिंग कॉलेज, कॉलेज शामिल हैं। जिला उद्योग केन्द्र के अनुसार इनमें डिवाइन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, एसएचएम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, मां चन्द्रिका देवी इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, मां भगवती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वीर दयाल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, जीएसआरएम मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, शेखर पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज और एआई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल्स शामिल हैं। शहीद पथ के पास 10 हजार वर्गफुट वाली रेस्त्रां की श्रृंखला फाइनडाइन खुलने जा रही है।